संचिका संख्या–01/विविध–10111/2015 (खण्ड–I), श्र०सं०...
बिहार सरकार
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

प्रेषक,

राजेश भारती, भा०प्र०से०
श्रमायुक्त, बिहार।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– **हरिहर क्षेत्र (सोनपुर मेला) 2026 के अवसर पर हरिहर क्षेत्र (सोनपुर) में विभागीय प्रदर्शनी/स्टॉल निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि हरिहर क्षेत्र (सोनपुर मेला) 2026 के अवसर पर हरिहर क्षेत्र (सोनपुर) में विभागीय प्रदर्शनी/स्टॉल निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक–12.11.2026 के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु विज्ञापन का प्रारूप पाँच प्रतियों में (सी०डी० सहित) संलग्न कर भेजी जा रही है।

कृपया दिनांक–12.11.2026 के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में निविदा विज्ञापन प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–
(राजेश भारती)
श्रमायुक्त, बिहार।

ज्ञापांक–01/विविध–10111/2015 (खण्ड–I), श्र०सं० 6947 पटना, दिनांक– 10/11/26

प्रतिलिपि–सहायक निदेशक–सह–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग/आई० टी० मैनेजर, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग को संबंधित निविदा की प्रति सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि संबंधित विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

10/11/26
श्रमायुक्त, बिहार।

S | letter.ly

बिहार सरकार
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग
आमंत्रण सूचना संख्याः– 03 दिनांक– 10/11/26

अल्पकालीन निविदा

दिनांक–**22.11.2026 से 23.12.2026** तक हरिहर क्षेत्र सोनपुर में आयोजित होने वाले मेला के अवसर पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा सम्पादित कार्यो को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के लिए आवंटित भूखण्ड 30 X 107 वर्ग फीट (सेक्टर संख्या–B) में प्रदर्शित करने वाले भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों, नियोजन मेला आयोजन के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हत्ताधारी व्यक्ति/कंपनी/संस्था से दिनांक–17.11.2026 को संध्या 4:00 बजे अपराह्न तक प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें :–

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में 50,000/– (पचास हजार) रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट देना होगा, जो अपर मुख्य सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना के नाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ देना होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु राजकीय/मेला/प्रदर्शनी के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता का एक वर्ष में न्यूनतम पचास लाख रूपये का टर्न ओवर होना चाहिए। टर्न ओवर से संबंधित सी०ए० द्वारा निर्गत अंकेक्षण प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता को आई०एस०ओ० प्रमाणित फर्म होना आवश्यक है।
5. निविदादाता द्वारा पूर्व तीन वर्ष में सरकारी इवेंट मैनेजर का कम से कम 20 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
6. निविदादाता को जी० एस० टी० संख्या एवं तीन साल का आयकर रिटर्न विवरण देना होगा।
7. निविदादाता को पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा में मदवार प्रतिदिन की दर अंकित होना चाहिए।
9. निविदादाता द्वारा स्टॉल के अन्दर 02 रेस्ट रूम, शौचालय के साथ तैयार करना होगा, जिसमें 01 रेस्ट रूम विशिष्ट अतिथिगण के लिए होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों के प्रयोजन के लिए रहेगा।
10. निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर हाई स्पीड इंटरनेट, वाई–फाई, निर्बाध विद्युत आपूर्त्ति, पेयजल, आयोजन स्थल की साफ–सफाई की व्यवस्था करनी होगी।
11. निविदादाता को अपने फर्म की विशिष्टतायें सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे मे देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा, तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में सील बंद कर जमा करना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
12. निविदा देने के उपरान्त निविदा समिति के समक्ष प्रस्तावित कार्यो का विवरण या पावर प्वाईट प्रस्तुत होगा, जिसमें प्रस्तावित मॉडल, रिसेप्शन, प्रदर्शित कि जाने वाली मीडिया (Films, Sound Clips) वितरित किये जाने वाले बुकलेट स्टॉल के पूर्ण डिजाईन एवं सुसज्जीकरण आदि पक्षों को शामिल करना अनिवार्य होगा। जिनका प्रस्तुतीकरण अच्छा होगा सिर्फ उन्हीं फर्मो की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
13. अद्योहस्ताक्षरी का बिना कारण बतायें किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
14. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. दिनांक–17.11.2026 को संध्या 4:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–18.11.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे नियोजन भवन स्थित श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सभाकक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी उपस्थित रह सकते है। निविदा खोलने के उपरांत निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यो का विवरण या पावर प्वाइंट प्रस्तुत करना होगा।

कार्य विवरणी एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट state.bihar.gov.in/labour पर देखी जा सकती है।

10/11/26

(राजेश भारती)
श्रमायुक्त, बिहार

कार्य विवरणीः–

1. अपर समाहर्ता, सारण, छपरा द्वारा उपलब्ध कराये गये 30 (चौड़ाई) X 107 (लम्बाई) वर्गफीट भूखंड (जो भौतिक स्थिति अनुसार घट या बढ़ सकता है।) में स्टॉल का निर्माण एवं उत्कृष्ट डिस्पले सिस्टम (LED Wall) सहित दृश्य–श्रव्य माध्यमों, (ऑडियों, विडियो, फिल्म प्रस्तुतीकरण आदि) का सृजन एवं प्रदर्शन से संबंधित सभी कार्य।
2. स्थान की साफ सफाई एवं समतलीकरण।
3. आवश्यकतानुसार बांस–बल्ली से छाकर Water Proof पंडाल निर्माण करने का कार्य।
4. जंमीन पर Wooden Flooring कर सिन्थेटिक कारपेट बिछाने का कार्य।
5. स्टॉल के आगे फेशिया का निर्माण।
6. Plywood पी0ओ0पी0, रंग पेन्ट इत्यादि से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार निर्माण कार्य।
7. स्टॉल के अंदर Plywood से Wall निर्माण कर ट्रॉसलाइट के द्वारा विभिन्न योजनाओं को दिखाने का कार्य एवं रिसेप्शन काउंटर का निर्माण का कार्य।
8. स्टॉल के अंदर विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं कों Sculpture वर्क के द्वारा जीवंत दिखाने का कार्य।
9. स्टॉल के अंदर एवं बाहर आवश्यकतानुसार आवश्यक विद्युत सजावट करने का कार्य।
10. स्टॉल के अंदर 32 इंच के दो प्लाज्मा/LCD/LED टी0वी0 लगाने का कार्य।
11. स्टॉल का उत्कृष्ट सुसज्जीकरण फर्नीचर, फिक्शचर इत्यादि की व्यवस्था का कार्य।
12. स्टॉल को प्रदर्शन अवधि में न्यूनतम दो होस्टेस की व्यवस्था सहित रिशेप्सन डेस्क का अधिष्ठापन करने का कार्य।
13. राउॅड–द–क्लॉक सफाई की व्यवस्था करने का कार्य।
14. फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था का कार्य।
15. दो अदद सुरक्षा गार्ड राउॅड–द–क्लॉक की व्यवस्था का कार्य।
16. फूल की व्यवस्था एवं बुके की व्यवस्था का कार्य।
17. Brochure 10,000 (दस हजार मात्र) अद्द प्रिंट कराने का कार्य।
18. स्टॉल के अंदर 6 फीट गुणा 03 फीट का 20 अद्द ब्रोमाइड पैनल का निर्माण कर लगाने का कार्य।
19. विभाग के कार्यो के प्रदर्शन हेतु भौतिक मॉडलों यथा कॉसलिंग सेंटर, आई0टी0 डेस्क काउंटर इत्यादि (लैपटॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रिन्टर कार्टिज, पेपर एवं स्टेशनरी, इन्टरनेट की व्यवस्था के साथ) का कार्य।
20. भौतिक मॉडलों के सुसज्जीकरण, अधिष्ठापन एवं प्रदर्शन का कार्य।
21. पावर वैकअप, अग्निशमन एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था का कार्य।
22. निविदादाता द्वारा स्टॉल के अन्दर 02 रेस्ट रूम, शौचालय के साथ तैयार करना होगा, जिसमें 01 रेस्ट रूम विशिष्ट अतिथिगण के लिए होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों के प्रयोजन के लिए रहेगा।
23. निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर हाई स्पीड इंटरनेट, वाई–फाई, निर्वाध विद्युत आपूर्त्ति, पेयजल, आयोजन स्थल की साफ–सफाई की व्यवस्था करनी होगी।
24. यथा आदेशित अन्यान्य संबंधित कार्य।

17/11/26

(राजेश भारती)
श्रमायुक्त, बिहार